FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA
Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

स्ट्रीट फूड विक्रेता प्रशिक्षण को नया आयाम

देश में 50,000 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण देने का करार

दिल्ली, 27 मार्च 2017: भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण तथा कोका-कोला इंडिया (सी.सी.आई) ने अगले तीन वर्षों में एफ.एस.एस.ए.आई की 'स्वच्छ स्ट्रीट फूड' परियोजना के अंतर्गत देश भर में 50,000 स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को प्रशिक्षण देने के समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सभी को सुरक्षित और पोषक आहार उपलब्ध कराने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई ने सुरक्षित और पोषक आहार से संबंधित क्षेत्रों में सोशल इम्पैक्ट इन्वेस्टमेंट के बारे में विश्व और भारत की कंपनियों के साथ एक नया सफर शुरू किया है। इस भागीदारी से स्ट्रीट फूड के स्वास्थ्य, स्वच्छता और सुरक्षा मानक सभी के लिए सुनिश्चित करने के एफ.एस.एस.ए.आई के विजन के सशक्त बनने के साथ-साथ स्ट्रीट फूड विक्रेताओं को अपने उत्पादों की गुणता में सुधार लाने में सहायता मिलने से उनका सामाजिक और आर्थिक उत्थान भी सुनिश्चित होगा।

समझौते ज्ञापन पर **श्री पवन अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एफ.एस.एस.ए.आई** और **श्री वेंकटेश किनि, अध्यक्ष, कोका-कोला इंडिया एंड साउथ-ईस्ट एशिया** ने हस्ताक्षर किए। समझौते ज्ञापन का उद्देश्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की 'कौशल भारत' पहल में व्यापक सहयोग देने के साथ-साथ एक स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में भी योगदान मिलेगा।

इस पहल के अंग के रूप में कोका-कोला इंडिया व्यापक रूप में भारतीय जनता के खान-पान अनुभव को बढ़ाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई के साथ निकटता से कार्य करेगी। जहाँ कोका-कोला अपने प्रशिक्षकों और उपलब्ध संसाधनों के नेटवर्क के माध्यम से कार्यक्रम का क्रियान्वयन कराएगी, एफ.एस.एस.ए;आई उपयुक्त प्रशिक्षण सामग्री सुनिश्चित कराएगी और समग्र सेवा-सुपुर्दगी पर निगरानी रखेगी।

प्रेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए सी.ई.ओ., एफ.एस.एस.ए.आई ने कहा, ''मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि कंपनियाँ एफ.एस.एस.ए.आई की ''सुरक्षित और पोषक आहार - साझा दायित्व' परियोजना के अंतर्गत देश भर में सुरक्षित और पोषक आहार की उपलब्धता सुनिश्चित करने का दायित्व ले रही हैं। मुझे विश्वास है कि इस भागीदारी से माननीय प्रधान मंत्री के कौशल और स्वस्थ भारत के सपने को साकार करने में तेजी आएगी। छोटे खाद्य विक्रेता हमारे समाज के अभिन्न अंग होने के कारण उनमें स्वच्छता और उत्तम रीतियों के संबंध में जागरूकता पैदा करने की महती आवश्यकता है। यह भागीदारी लघु स्तर के खाद्य विक्रेताओं के समुदाय पर एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ेगी और खान-पान के समय सुरक्षित और पोषक आहार के संवर्धन के लिए एक सशक्त आधार का काम करेगी।''

इस अवसर पर बोलते हुए कोका-कोला इंडिया एंड साउथ वेस्ट एशिया के अध्यक्ष ने कहा, ''कोका-कोला इंडिया विक्रेताओं के जीवन में सुधार लाने के लिए सार्थक योगदान देने और उपभोक्ताओं के खान-पान के अनुभव को बढ़ाने के लिए एफ.एस.एस.ए.आई के साथ सहयोग करने के लिए उत्साह से भरी है। कोका-कोला इंडिया 'कौशल भारत' योजना के अंतर्गत कौशल विकास के लिए सामाजिक क्षेत्र के साथ-साथ खेल क्षेत्र में भी पहले ही कई कदम उठा चुकी है। कोका-कोला इंडिया 'परिवर्तन' नामक खुदरा व्यापारियों की अपनी प्रशिक्षण पहल के अंतर्गत पिछले दस वर्षों से किराना विक्रेताओं को प्रशिक्षण दे रही है। एफ.एस.एस.ए.आई के साथ इस सहयोग से एक अच्छे अवसर का सूत्रपात होगा और कोका-कोला की 'परिवर्तन' पहल के आयामों का विस्तार होगा।''

इस प्रोजेक्ट के अन्तगर्त प्रशिक्षण मॉड्यूल छोटे खाद्य प्रतिष्ठानों के मालिकों, रोजगार प्रदाताओं तथा खासकर गैर संगठित क्षेत्रों के स्ट्रीट खाद्य विक्रेताओं पर केन्द्रित होगा जिससे कि इन्हें खाद्य संरक्षा एवं स्वच्छता के आधारभूत नियमों के बारे में जानकारी दी जा सके। साझेदारी के तहत, इस कार्यक्रम को चरणबद्द तरीके से लागू किया जाएगा। इसका पहला चरण अप्रेल के मध्य में लुधियाना, पंजाब से प्रारम्भ होगा। अगले 3 सालों में, कोका कोला के बोतल प्लांट नेटवर्क के द्वारा इसे देश के अन्य 9 राज्यों

(उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, आन्ध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, चण्डीगढ, पंजाब, छत्तीसगढ, दिल्ली एनीसीआर) के 14 स्थानों पर भी प्रारंभ करने की योजना है।

भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण सरकारी ऐजेन्सियों, गैर-सरकारी संगठनों तथा निजी क्षेत्र के संगठनों के साथ "क्लीन स्ट्रीट फूड" के काम में लगा हुआ है। कौशल विकास मंत्रालय के सहयोग से दिल्ली प्रोजेक्ट के दौरान 20,000 से अधिक स्ट्रीट खाद्य विक्रेताओं को प्राशिक्षित किया गया। आठवें राष्ट्रिय स्ट्रीट खाद्य कार्यक्रम, 2016 के दौरान 24 राज्यों से प्रतिनिधित्व कर रहे विक्रेताओं को प्रशिक्षित किया गया। नेस्ले के सहयोग से खाद्य एवं दवा प्रशासन गोवा ने इस प्रोजेक्ट को शुरु किया जहां 700 से अधिक स्ट्रीट खाद्य विक्रेताओं को इसके प्रथम चरण में खाद्य संरक्षा एवं स्वछता के बारे में जानकारी दी गई। इसी तरह से, सादिकमसीह मेडिकल सोशल सर्वेन्ट सोसायटी जो कि एक गैर सरकारी संगठन है ने पूर्वी दिल्ली में यूरोपीयन कमीशन तथा एक्शनएड इण्डिया के साथ मिलकर इस प्रोजेक्ट पर कार्य करना शुरु किया है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया सम्पर्क करें:

रुचिका शर्मा
भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
मो: +91-9999431104
ई: sharmaruchika.21@gmail.com

हीना कपूर, शाईना मेहरा
कोका-कोला इण्डिया
मो: +91-9811463710, +91-9717729923
ई: heena.kapoor@mslgroup.com; Shaina.mehra@mslgroup.com

FOOD SAFETY AND STANDARDS AUTHORITY OF INDIA
Inspiring Trust, Assuring Safe & Nutritious Food

Big push to street food vendors training

Inks pact to train ~50,000 street food vendors across the country

Delhi, 27th March, 2017: Food Safety and Standard Authority of India and Coca-Cola India (CCI), have signed a Memorandum of Understanding (MoU) to train 50,000 street food vendors under FSSAI's project 'Clean Street Food' across India over next three years. In order to ensure safe and nutritious food for all, FSSAI has now embarked on a journey with large Global & Indian Corporates about social impact investment around areas related to safe and nutritious food. The partnership will further strengthen FSSAI's vision to ensure health, hygiene and safety standard of street food for all; along with ensuring social and economic upliftment of street vendor community by helping them in improving quality of offerings.

The MoU, signed by **Pawan Agarwal, CEO, FSSAI** and **Venkatesh Kini**, **President, Coca-Cola India** and South West Asia, seeks to contribute extensively to Hon'ble Prime Minister Sri. Narendra Modi's Skill India initiative as well as vision of a Healthy India.

As part of this initiative, Coca-Cola India, will closely work with FSSAI in upgrading the eating out experience for the Indian populace at large. While Coca-Cola will be responsible for the program execution through its network of trainers and available infrastructure, FSSAI will ensure the relevance of the training content and shall oversee the overall delivery.

While addressing the press conference, CEO, FSSAI said, "I am delighted to see that corporates are taking up the responsibility to ensure safe and nutritious food across the country under FSSAI's "Safe and Nutritious Food – A shared responsibility". I am confident that this partnership will help in accelerating Hon'ble Prime Minister's vision for Skilled and Healthy India. As small food vendors form an integral part of our society, there is a strong need to create awareness about hygiene and best practices amongst these vendors. This partnership will positively impact the small scale food vendors community and will serve as a strong base towards promoting safe and nutritious food while eating out."

Speaking on the occasion, President, Coca-Cola India and South West Asia said, "Coca-Cola India is enthusiastic about partnering with FSSAI to make a significant contribution to improving the lives of the vendors and also enhancing the eating out experience for consumers. Coca-Cola India has already taken several steps towards skill enhancement, both in the social as well as sporting arenas under Skill India. Coca-Cola India has been training kirana retailers for the past ten years under their flagship retailer training initiative - Parivartan. This collaboration with FSSAI provides an opportunity and broadens the horizons of Coca-cola's Parivartan initiative."

The training module under the project will focus on the owners and employers at small food service outlets and street food vendors, mostly in the unorganized sector, to understand the basic tenets of food safety and hygiene. Under the partnership, the program will be rolled out in phased manner with the first leg to be initiated by mid-April in Ludhiana, Punjab. Over the next three years, it plans to expand to 14 other locations through bottling plant network of Coca-cola India covering 9 states (Uttar Pradesh, Maharashtra, Andhra Pradesh, West Bengal, Chandigarh, Punjab, Chhattisgarh, Delhi NCR).

FSSAI has engaged with government agencies, NGOs and private partners under "Clean Street Food". More than 20,000 street vendors were trained during Delhi project in association with Ministry of Skill Development. A push on food safety and hygiene was provided during Eighth National Street Food Festival, 2016 where vendors representing 24 states across India were trained. FDA, Goa in association with Nestle adopted the project, where about 700 street food vendors were trained during its first phase. Similarly, Sadik Masih Medical Social Servant Society is one of the NGOs to take up the project in east Delhi in association with European commission and ActionAid India.

For more details, contact:

Ruchika Sharma
Food Safety and Standards Authority of India
M: +91-9999431104
E: sharmaruchika.21@gmail.com

Heena Kapoor, Shaina Mehra
Coca-cola India
M: +91-9811463710, +91-9717729923
E: heena.kapoor@mslgroup.com; Shaina.mehra@mslgroup.com